# खिताब की जंग में 8 दावेदार





## मोरक्को इतिहास रचने के बेहद करीब

फीफा विश्व कप 2026 में मोरक्को एक बार फिर इतिहास रचने के बेहद करीब है. लगातार दूसरे विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन चुकी मोरक्को अब फ्रांस को हराकर लगातार दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाने का सपना देख रही है. 2022 विश्व कप में भी दोनों टीमों की भिड़ंत सेमीफाइनल में हुई थी, जहां फ्रांस ने 2-0 से जीत दर्ज कर मोरक्को के ऐतिहासिक अभियान का अंत किया था. इस बार एटलस लायंस उसी हार का हिसाब चुकता करने के इरादे से मैदान पर उतरेंगे.

**मेक्सिको सिटी, 09 जुलाई. फीफा विश्व कप 2026 अब अपने रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है. दुनिया की 48 टीमों से शुरू हुआ सफर अब सिर्फ आठ टीमों तक सिमट गया है.**

अर्जेंटीना, फ्रांस, स्पेन और इंग्लैंड जैसी दिग्गज टीमें खिताब की दौड़ में बनी हुई हैं, वहीं मोरक्को ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए साबित कर दिया है कि अब विश्व फुटबॉल में नए दावेदार भी तैयार हैं.

मेसी की नजर लगातार दूसरी ट्रॉफी पर डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना कप्तान लियोनेल मेसी के नेतृत्व में एक बार फिर खिताब की ओर बढ़ रही है. 2022 में विश्व कप जीतने के बाद मेसी अब लगातार दूसरी बार ट्रॉफी उठाने का सपना देख रहे हैं. हालांकि टीम के मैदान के बाहर अर्जेंटीना फुटबॉल महासंघ से जुड़ी वित्तीय जांच ने जरूर हलचल बढ़ा दी है. अमेरिकी जांच एजेंसी की वित्तीय गतिविधियों की जांच की खबरों के बाद फुटबॉल जगत में चर्चा तेज हो गई है. अफ्रीकी फुटबॉल के लिए 2026 विश्व कप ऐतिहासिक बन गया है. मोरक्को लगातार दूसरे विश्व कप में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम बन गई है. 2022 में सेमीफाइनल तक पहुंचकर दुनिया को चौंकाने वाली मोरक्को की टीम ने एक बार फिर साबित किया कि अब विश्व कप में सिर्फ यूरोप और दक्षिण अमेरिका का दबदबा नहीं रहेगा.

### 96 साल का रिकॉर्ड टूटने की उम्मीद

1930 में शुरू हुए फीफा विश्व कप में अब तक सिर्फ आठ देश ही चैंपियन बन पाए हैं.

### फीफा वर्ल्ड कप की बड़ी बाते

- **48** टीमें, सबसे बड़ा विश्व कप
- **104** मुकाबले, नया रिकॉर्ड
- **16** स्टेडियमों में होगा आयोजन
- **08** टीमें खिताब की दौड़ में
- **10** को मोरक्को बनाम फ्रांस
- **11** जुलाई को नॉर्वे बनाम इंग्लैंड
- **12** जुलाई को स्पेन बनाम बेल्जियम
- **12** को अर्जेंटीना बनाम स्विट्ज़रलैंड

### फीफा विश्व कप जीतने वाली टीमों के नाम

| | | |
|---|---|---|
| ब्राजील | - | 5 बार |
| जर्मनी | - | 4 बार |
| इटली | - | 4 बार |
| अर्जेंटीना | - | 3 |
| बार | | |
| फ्रांस | - | 2 बार |
| उरुग्वे | - | 2 बार |
| इंग्लैंड | - | 1 बार |

## हालैंड को रोकना आसान नहीं, इंग्लैंड ने बनाई रणनीति



क्वार्टर फाइनल में नॉर्वे का सामना करने से पहले इंग्लैंड की टीम ने एर्लिंग हालैंड को रोकने के लिए खास रणनीति बनाने की बात कही है. इंग्लैंड के मिडफील्डर मॉर्गन रोजर्स ने कहा कि हालैंड दुनिया के सबसे खतरनाक स्ट्राइकरों में से एक हैं और उन्हें रोकने के लिए पूरी टीम को मिलकर प्रयास करना होगा. रोजर्स ने कहा कि हालैंड ऐसा खिलाड़ी है जो कुछ ही पलों में मैच का रुख बदल सकता है. नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को क्वार्टर फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है. इंग्लैंड के लिए चुनौती सिर्फ हालैंड नहीं बल्कि पूरी नॉर्वे टीम होगी, जो ब्राजील जैसी मजबूत टीम को हराकर अंतिम आठ में पहुंची है.

## संन्यास के बाद नेमार के भविष्य की बढ़ी चिंता

ब्राजील के विश्व कप से बाहर होने के बाद स्टार खिलाड़ी नेमार के भविष्य को लेकर सवाल उठने लगे हैं. राउंड ऑफ-16 में नॉर्वे के खिलाफ हार के बाद नेमार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास का संकेत दिया था. उन्होंने कहा था कि उन्होंने अपना पूरा प्रयास किया और अब यह सफर खत्म हो गया है. 34 वर्षीय नेमार के क्लब करियर को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है. उनके पिता ने सोशल मीडिया पर अपील करते हुए कहा कि नेमार को फुटबॉल खेलना जारी रखना चाहिए और मैदान पर अपनी खुशी वापस तलाशनी चाहिए. बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मन के पूर्व खिलाड़ी ने चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था.



## विवादों के बीच अर्जेंटीना...

## कोलिना ने रेफरी फैसलों का किया बचाव



फीफा विश्व कप 2026 में अर्जेंटीना की टीम जहां खिताब बचाने की कोशिश में जुटी है, वहीं टीम से जुड़े विवाद भी सुर्खियों में हैं. मिस्र के खिलाफ अर्जेंटीना की 3-2 की जीत के बाद रेफरी के फैसलों पर सवाल उठे थे. मिस्र ने आरोप लगाया था कि कुछ अहम फैसलों ने मैच का रुख बदल दिया. इस मामले पर फीफा के रेफरी प्रमुख पियरलुइगी कोलिना ने अधिकारियों का बचाव करते हुए कहा कि रेफरी ने पूरी स्वतंत्रता के साथ फैसले लिए और उनकी ईमानदारी पर सवाल नहीं उठाए जा सकते. कोलिना ने कहा कि तकनीकी फैसलों पर चर्चा फुटबॉल का हिस्सा है, लेकिन बिना आधार के आरोपों की कोई जगह नहीं है. उन्होंने वार के फैसले का भी समर्थन किया और कहा कि मुस्तफा ज़िको का गोल रद्द करने का निर्णय सही था क्योंकि उससे पहले फाउल हुआ था.

## मेक्सिको ने राफेल मार्क्वेज को सौंपी टीम की कमान

विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मेक्सिको ने बड़ा फैसला लेते हुए पूर्व डिफेंडर राफेल मार्क्वेज को राष्ट्रीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया है. मार्क्वेज 2030 तक टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे. वह जेवियर एगुइरे की जगह लेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ राउंड ऑफ-16 में हार के बाद पद छोड़ दिया था. मेक्सिको फुटबॉल महासंघ ने कहा कि मार्क्वेज की नियुक्ति टीम के लंबे भविष्य की योजना का हिस्सा है. पूर्व कप्तान मार्क्वेज मेक्सिको के लिए 148 मैच खेल चुके हैं और अब उनकी जिम्मेदारी टीम को अगले विश्व कप चक्र के लिए तैयार करने की होगी.



## क्रिकेट जगत हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल हुए गांगुली

**नयी दिल्ली, 09 जुलाई भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को बुधवार को आईसीसी हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल किया गया. सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और हरभजन सिंह जैसे दिग्गज क्रिकेटरों ने बंगाल के इस मशहूर बाएं हाथ के बल्लेबाज़ को बधाई दी, जिन्हें 2000 के दशक की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट को बदलने का श्रेय दिया जाता है.**



एडिनबर्ग में आईसीसी के सालाना सम्मेलन के दौरान हुई घोषणा के बाद, गांगुली हॉल ऑफ़ फ़ेम में शामिल होने वाले 12वें भारतीय क्रिकेटर बन गए. यह सम्मान उन्हें उनके 54वें जन्मदिन पर मिला, जिससे यह मौका और भी खास हो गया. भारत के पूर्व ऑफ़-स्पिनर हरभजन सिंह ने सबसे पहले अपने पूर्व कप्तान को बधाई दी. हरभजन ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'बधाई हो, कप्तान. यह घोषणा सुनकर खुशी हुई.

## गॉफ का पलटवार, मुचोवा से रोमांचक जंग

- पहला सेट मुचोवा के नाम, 6-2 से बढ़त
- दूसरे सेट में गॉफ की शानदार वापसी

**लंदन 9 जुलाई , विंबलडन 2026 के महिला एकल सेमीफाइनल में अमेरिका की कोको गॉफ और चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला.**

ऑल इंग्लैंड क्लब के सेंटर कोर्ट पर खेले जा रहे इस मुकाबले में मुचोवा ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला सेट 6-2 से अपने नाम किया, लेकिन इसके बाद सातवीं वरीयता प्राप्त गॉफ ने दमदार वापसी करते हुए दूसरे सेट में मैच की तस्वीर बदल दी.



मुचोवा ने शुरुआत से ही गॉफ पर दबाव बनाया और अपनी बेहतरीन टच, सटीक शॉट्स और शानदार कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया. चेक खिलाड़ी ने गॉफ की सर्विस पर लगातार दबाव बनाया और अहम मौकों को भुनाते हुए पहला सेट आसानी से जीत लिया. दूसरी ओर गॉफ को शुरुआती सेट में लय हासिल करने में परेशानी हुई और उनकी कई गलतियां मुचोवा के लिए फायदेमंद साबित हुईं.

> दूसरे सेट में अमेरिकी स्टार ने अपनी रणनीति बदली. गॉफ ने आक्रामक खेल अपनाया और अपनी तेज सर्विस व पावरफुल ग्राउंड स्ट्रोक्स के दम पर वापसी की. उन्होंने मुचोवा की सर्विस तोड़कर बढ़त बनाई और दर्शकों के समर्थन के बीच आत्मविश्वास के साथ खेलती नजर आईं. गॉफ के लिए सबसे बड़ी चुनौती ब्रेक प्वाइंट को भुनाना रही, क्योंकि मुकाबले के शुरुआती हिस्से में उन्हें कई मौके मिले लेकिन वह उन्हें अंक में नहीं बदल सकीं.

## टीएनपीएल का 10वां सीज़न 4 अगस्त से

**चेन्नई.** दो जगहों पर होने वाले श्रीराम कैपिटल तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) के 10वें सीज़न की शुरुआत 4 अगस्त को डिंडीगुल ज़िले के नथम में होगी और इसका समापन 28 अगस्त को चेन्नई के मशहूर एम ए चिदंबरम स्टेडियम में एक शानदार फ़ाइनल के साथ होगा. टूर्नामेंट का पहला चरण 4 से 15 अगस्त तक डिंडीगुल में खेला जाएगा. दो दिन के ब्रेक के बाद, मुक़ाबले चेन्नई में होंगे, जहाँ लीग चरण के आखिरी हिस्से के लिए 18 से 22 अगस्त तक चेपॉक स्टेडियम में मैच खेले जाएँगे. नॉकआउट चरण की शुरुआत 23 अगस्त को क्वालिफ़ायर 1 से होगी, और उसके अगले दिन एलिमिनेटर मैच होगा.

## हरमनप्रीत ने भविष्य में 'कई और टेस्ट मैचों' की मांग की

**लंदन, 09 जुलाई महिला टेस्ट क्रिकेट की दुर्लभता चर्चा का विषय बनी हुई है, जबकि भारत लॉर्ड्स में पहली बार महिला टेस्ट में इंग्लैंड से खेलने की तैयारी कर रहा है.**

2021 की शुरुआत के बाद से, केवल चार टीमों - ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत और दक्षिण अफ्रीका - ने यह प्रारूप खेला है, इस सप्ताह के मैच से पहले साढ़े पांच साल में केवल 13 टेस्ट आयोजित किए गए थे. भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि खिलाड़ी स्वाभाविक रूप से सबसे लंबे प्रारूप में अधिक अवसर चाहते हैं, लेकिन उनका मानना है कि खेल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है.



हरमनप्रीत ने लॉर्ड्स टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा, 'एक क्रिकेटर के रूप में, हम निश्चित रूप से कई टेस्ट मैचों का हिस्सा बनना चाहते हैं. लेकिन मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से उच्च अधिकारियों का फैसला है. अब तक, मैंने सभी उतार-चढ़ाव देखे हैं, और मैंने इन सभी वर्षों में महिला क्रिकेट को आगे बढ़ते देखा है.

**ऐतिहासिक मैच** ▶ इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए तैयारी हो रही भारतीय टीम

## भारत का ध्यान ऐतिहासिक लॉर्ड्स टेस्ट पर

**लंदन, 09 जुलाई आईसीसी महिला टी 20 वर्ल्ड कप 2026 में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, भारतीय टीम शुक्रवार से लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ एक ऐतिहासिक टेस्ट मैच के साथ नई शुरुआत करने की तैयारी कर रही है. हेड कोच अमोल मज़ूमदार ने कहा कि टीम ने वर्ल्ड कप की निराशा को पीछे छोड़ दिया है और अब पूरी तरह से आगे की चुनौती पर ध्यान केंद्रित कर रही है.**



मैच से पहले मज़ूमदार ने कहा, 'जो बीत गया, उसे हम बदल नहीं सकते. हमने टीम के भीतर इस पर चर्चा की है.' यह मैच 'होम ऑफ़ क्रिकेट' (क्रिकेट का मक्का) में खेला जाने वाला पहला महिला टेस्ट होगा, जबकि इसी मशहूर मैदान पर पहला पुरुष टेस्ट 142 साल पहले खेला गया था. मज़ूमदार ने कहा, 'मुझे लगता है कि पहली बार होने वाली चीज़ हमेशा खास होती है. पहली बार वर्ल्ड कप जीतना खास था. लॉर्ड्स में पहला टेस्ट मैच भी खास होगा. बस अगले चार-पांच सालों का इंतज़ार है कि महिला क्रिकेट क्या लेकर आता है. आप कभी नहीं जानते.'

> 171 फर्स्ट-क्लास मैच खेल चुके अनुभवी खिलाड़ी ने आगे कहा, 'किसी भी भारतीय क्रिकेटर के लिए टेस्ट मैच खेलना एक सपना होता है, लॉर्ड्स में खेलना तो बहुत बड़ी बात है. मुझे यकीन है कि कल जो भी खिलाड़ी सफ़ेद जर्सी पहनकर लॉर्ड्स में टेस्ट मैच खेलेंगे, उन्हें इस बात पर गर्व होगा.' ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका से पीछे रहने के कारण भारत टी 20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाया था, लेकिन मज़ूमदार का मानना है कि टीम सबसे छोटे फ़ॉर्मेट से रेड-बॉल क्रिकेट में तेज़ी से ढल सकती है.

## अंडर-19 : भारत ने बनाये 8 विकेट पर 290 रन

**हम्बनटोटा.** वीके विनीत (131) की शानदार शतकीय और लक्ष्य रायचंदानी (61) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारतीय अंडर-19 टीम ने गुरुवार को तीसरे यूथ एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट पर 290 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. आज यहां श्रीलंका अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये. कप्तान यशबर्धन चौहान (6), रजत बघेल (8) रन बनाकर आउट हुये. इसके बाद वीके विनीत और लक्ष्य रायचंदानी ने पारी को संभाला. दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट लिये 108 रनों की साझेदारी हुई.

## ज़िम्बाब्वे टी20 दौरे के लिए सैमसन बाहर

### सैमसन को बाहर रखने के बारे में साफ़ बता दिया गया था : गंभीर

**ब्रिस्टल, 09 जुलाई भारत के हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि संजू सैमसन को प्लेइंग इलेवन और फिर ज़िम्बाब्वे दौरे के लिए चुनी गई टी20 टीम से बाहर किए जाने के बारे में पूरी जानकारी दे दी गई है. सैमसन मार्च में हुए टी 20 वर्ल्ड कप में 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' रहे थे, जिसमें उन्होंने आखिरी तीन मैचों में 97 (नाबाद), 89 और 89 रन बनाए थे.**



उन्होंने आईपीएल में भी दो शतक लगाए थे, लेकिन आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरों पर 5, 0 और 1 रन बनाने के बाद, उन्हें 15 साल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी की जगह टीम से बाहर कर दिया गया. हालांकि सैमसन इंग्लैंड दौरे पर टीम का हिस्सा बने हुए हैं (जहां भारत अभी 2-0 से पीछे है), लेकिन इस महीने के आखिर में होने वाले ज़िम्बाब्वे टी20 दौरे के लिए उन्हें टीम में बिल्कुल भी शामिल नहीं किया गया है. ट्रेंट ब्रिज में तीसरे टी 20 के बाद गंभीर ने कहा, 'संजू सैमसन को जो बात साफ़-साफ़ बताई जानी चाहिए थी, वह मैंने उन्हें बता दी है. और वह बातचीत हेड कोच और खिलाड़ी के बीच की है. उस बातचीत में क्या हुआ, यह हम ज़ाहिर है कि आपको नहीं बताएंगे. 'जहाँ तक क्लैरिटी की बात है, हम पूरी तरह साफ़ हैं कि संजू... वर्ल्ड कप के दौरान उन्होंने भारत के लिए जो किया वह ज़बरदस्त था, और कभी-कभी आपको किसी खिलाड़ी की फ़ॉर्म पर भी ध्यान देना पड़ता है.